कार्यालयः– जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम (राज.)

क्रमांकः– स्टोर/2025–26/ 3043 दिनांकः– 7/07/2025

निविदा सूचना

इस न्यायक्षेत्र के क्षेत्राधीन नवसृजित अपर जिला एवं सेशन न्यायालय चाकसू, जयपुर महानगर प्रथम के कार्यालय एवं न्यायालय के उपयोग हेतु कम्प्युटर मय प्रिन्टर्स एवं फोटो कॉपीयर्स मशीन सामग्री क्रय करने बाबत् अधिकृत/पंजीकृत विक्रेताओं/डीलर्स/निर्माताओ आदि से निम्नानुसार मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती हैः–

क्र0स0	निविदा का नाम	अनुमानित लागत	अमानता राशि	निविदा फार्म शुल्क
(1)	कम्प्युटर मय प्रिन्टर एवं फोटो कॉपीयर्स मशीन का क्रय वर्ष 2025–26	2.55 लाख	5100/–	500/–

इस कार्यालय से निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2025 को दोपहर 1:00 तक क्रय किये जाकर दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है जो दिनांक 14.07.2025 को ही अपरान्ह 4:30 बजे क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोले जावेगें निविदा का सम्पूर्ण विवरण एव शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वैबसाईट https://jaipurmetro1.dcourts.gov.in पर तथा इस कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

NIB- MET2526A0004
UBN- MET2526GS0B00004

अध्यक्ष,
स्थाई क्रय समिति
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–I

क्रमांकः– 3043 दिनांकः– 7/07/25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

4. श्रीमान जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–I
5. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय लेखा शाखा, जयपुर महानगर–I
6- नोटिस बोर्ड/आदेश पत्रावली/सम्बन्धित पत्रावली।

अध्यक्ष,
स्थाई क्रय समिति
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–I

परिशिष्ठ–अ

कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

निविदा प्रारूप (तकनीकी बिड)

निविदा प्रपत्र शुल्क 500/–(वापसी योग्य नहीं)

क्र. सं0	कार्य का नाम	नवसृजित अपर जिला एवं सेशन न्यायालय चाकसू जयपुर महानगर प्रथम हेतु फर्नीचर का क्रय वर्ष 2025–26
1.	अनुमानित राशि	2.55 लाख
2.	अमानता राशि	5100/–
3.	निविदा प्रपत्र बेचने की अंतिम तिथि एंव समय	दिनांक 14.07.2025 अपराह्न 1.00 बजे तक
4.	निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 14.07.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 14.07.2025 अपराह्न 4.30 बजे
6.	निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व पता	....
7.	किसको संबोधित किया गया है	जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम
8.	निविदा शुल्क की राशि	500/–
9.	नकद रसीद सं0 व दिनांक डीडी नं. व दिनांक	
10.	अमानता राशि/बैंकर्स चैक/डीडी क्रमांक व दिनांक बैंक मय शाखा का नाम व राशि	
11.	निर्माता प्राधिकरण प्रपत्र(हॉ/नहीं) अंकित करें	
12.	रूपये 50/– के नॉन ज्यूडिशियल के स्टाम्प पर घोषणा	
13.	वैट/जीएसटी नंबर	
14.	क्लीयरेंस सर्टिफिकेट	सलंग्न है/सलंग्न नहीं
15.	गत दो वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर	रूपये.....
16.	भूमि सीमा देश पंजीकरण(Land Border Country Registration)	आवश्यक(Required)

1. Desktop Computer–

Sr No.	Specification/ Configuration	Standards	Standards by Bidder
1	Make or Model	Dell / HP/ Acer/ Others	
2	Processor	12th Generation Intel® Core™ i3 (4Cores, 6MB Cache),ADM Ryzen-5 or above	
3	Operating System	05: Customized Ubuntu Provided by Hon'ble e-committee Supreme Court of India(OS will be provided by the Department)	
4	Memory	8GB, 1x8GB, DDR4 or Above	
5	Hard Drive Disk (HDD)	SSD 512 GB	
6	Keyboard, Mouse	KB 216 Black Keyboard, USB Optical Mouse MS 116	

7	Warranty	Minimum 1 Year On site Warranty	
8	Monitor	Any 19.5 Inches	
9	Video Connectors	1 VGA, 1 HDMI	
10	Wireless	Yes	
11	UPS	625 VA ISI	

2- Laser Printer-

Sr No.	Specification/ Configuration	Standards	Standards by Bidder
1	Make or Model	Model Cannon, HP, Ricoh, Brother, Kyocera, Etc.	
2	Printing Method	Monochrome Laser Beam Printing	
3	Print Speed A4	27ppm or Higher	
4	Print Resolution	600x600 DPI	
5	Auto Duplex Printing	Standard	
6	Available Paper Size for Auto Duplex Print	A4, Letter, Legal, Indian Legal	
7	Paper Input	250 Pages	
8	Output Tray	100 Sheets	
9	Paper Type	Plain Paper, Heavy Paper, Bond Paper, Lebel, Envelope, Index Card	
10	Compatible Operating System	05: Customized Ubuntu Provided by Hon'ble e-committee Supreme Court of India(OS will be provided by the Department)	
11	Device Memory	512 Mb	
12	Monthly Duty Cycle	15000 Pages	
13	Recommended Monthly Print Volume	500-1500 Pages	
Bidder to give details			
A. Yield per toner Cartridge			
B. Whether Cartridge refillable			

3. **Photocopier Machine–**

Sr No.	Specification/Configuration	Standards	Standards by Bidder
1	Print Technology	Laser	
2	Type of Machine	Multifunctional Photo copy Machine	
3	Type of Printing	Mono	
4	Cartridge Technology	Separate Drum and Toner	
5	Platen / Flatbed Size	A3	
6	Paper Size (Original/Image)	A4, A3, Legal	
7	Memory / RAM Size (MB)	256 MB or Higher	
8	Minimum Speed per Minute as Per ISO/IEC 24734 in A4 Size-Mono	20 PPM or Higher	
9	Scanning Feature Availability	Duplex, Color Scan	
10	Networking Feature Availability	Yes	
11	Duplexing Feature Availability	Yes	
12	Original Document Feeder Type	ARDF	
13	Feeder Capacity	50 Sheet or Higher	
14	No of Main Paper Tray	2 or More	
15	Each Main Paper Tray Capacity	250 Paper or Higher	

Sr No.	Specification/Configuration	Standards	Standards by Bidder
16	By Pass Tray	Yes	
17	Yield of The Cartridge	12000 or Higher	
18	Monthly Duaty Cycle Number of Prints	30,000 or Higher	
19	Life of Drum	1,50,000 or Higher	
20	Warranty	3 Year On Site Warranty Including All Spares and Services Excluding Consumables	
21	Print Resolution	600*600 DPI	
22	Mobile Printing	Yes	
23	Compatible Operating System	Ubuntu, Linux 20.04, Windows	
24	USB Port	Yes	
25	Zoom	25% to 400%	

Note- All Specification must be read equivalent or higher.

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

परिशिष्ठ–ब

कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

वित्तीय बिड

फर्नीचर आपूर्ति हेतु दर प्रस्तुत करने का प्रपत्र

मै/हम .....वास्ते मैसर्स.....

निविदा सूचना के सम्बन्ध में निम्नानुसार अंकित सामग्री आपूर्ति हेतु दरें प्रस्तुत करते है–

S.no	Name of Items (As per tender Specification)	Approx Tender Cost	No. of items	Rate Per Unit/Item In Rs.(Including all tax)
1.	Desktop Computer with Lesar Printers, Ups	1.80 Lac	3	
2.	Photocopier Machine	0.75 Lac	3	

नोटः– 1. आपूर्ति किये जाने वाले आईटम्स् की वारण्टी अवधि.....वर्ष रहेगी।

2.राज्य में किसी लोक उपापन में भागीदारी के लिए भारत की सीमाओं से लगे हुए देशों से संबंधित या हिताधिकारी स्वामित्व वाले बोलीदाता, राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग में पूर्व रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् ही अनुज्ञात किये जायेंगे।

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

परिशिष्ठ–स

खुली निविदा हेतु नियम एवं शर्तें

1. अमानता राशि केवल बैंक ड्राफट अथवा पे आर्डर के रूप में स्वीकार होगी जो जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–I के पक्ष में देय होगी। चैक या अन्य प्रकार से अमानता राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना अमानता राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। एस एस आई यूनिटो/रूग्ण ईकाईयो को नियमानुसार निर्धारित सीमा तक छूट देय होगी। अमानत राशि निविदा के अनुसार ही प्रस्तुत करनी है। सभी आईटम्स की दरे भरने पर पूर्ण राशि रूपये 5100/–अमानत का डी.डी/बैंकर चैक संलग्न करे।

2. निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा तथा इस बाबत क्रय समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

3. फर्नीचर की निविदा केवल रजिस्ट्रर्ड एसएसआई यूनिट्स द्वारा ही प्रस्तुत दरें स्वीकार की जायेगी।

4. निविदा के तहत तकनीकी बिड एवं प्राईस बिड अलग–2 लिफाफों में प्रस्तुत की जायेगी तकनीकी बिड में योग्य पाई गयी फर्मो/निविदाकारों के ही प्राईस बिड खोले जायेगे।

5. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये एव निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो)पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें।

6. सशर्त निविदा दरें स्वीकार नही की जायेगी। क्रय नियमों तहत पालना हेतु एनेक्चर ए.बी.सी.डी सलंग्न है।

7. निविदा दरों में समस्त चुंगी किराया–भाड़ा या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोडकर एफ ओ आर दरें ही दी जायेगी।

8. निविदा के तहत गुणवत्ता एवं दरों के आधार पर फर्नीचर संबंधी आईटम एक से अधिक फर्मों के स्वीकार किये जा सकते है। संपूर्ण आईटम किसी एक फर्म से क्रय किये जाने की बाध्यता नहीं रहेगी।

9. सफल निविदादाता/दाताओ को सप्लाई आदेश की 5% राशि प्रतिभूति के रूप मे जमा करवानी होगी, जिसमें अमानता राशि का समायोजन किया जा सकेगा। एस एस आई ईकाइयों/रूग्ण ईकाईयों को नियमानुसार सीमा तक छूट देय होगी।

10. सफल निविदादाता फर्म/फर्मों को नियमानुसार एक अनुबन्ध पत्र का निष्पादन स्वयं के खर्चे पर संपादित करना होगा।

11. फर्म को जारी सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में एक साथ ही पूर्ण माल सप्लाई करना होगा। विलम्ब के लिए राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार दण्ड से आरोपित किया जा सकता है।

12. निविदा के तहत जयपुर मुख्यालय से बाहर के निविदाकारो को फर्नीचर के नमूने स्वयं की लागत पर निरीक्षण हेतु सूचित किये जाने पर क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

13. दरों पर यदि किसी प्रकार का कर/प्रभार हो तो उसका उल्लेख किया जावेगा। बिना उल्लेख किये प्रस्तुत दरें समस्त कर/प्रभार सहित मानी जावेगी।

14. माल की आपूर्ति संबंधित न्यायालयों के कार्यालय में क्रय आदेश के निर्देशानुसार एफ ओ आर की जायेगी, जिसका अलग से कोई भाडा लोडिंग–अनलोडिंग, पैंकिंग आदि का चार्जेज देय नही होगा।

15. आपूर्तिकर्ता फर्म अधिनियम के तहत पंजीकृत फर्म होनी चाहिए एवं वैट/जीएसटी आदि के नवीनतम क्लीयरेंस प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से जारी संलग्न होने चाहीये।

16. अनुमोदित दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति तक मान्य होगी।

17. दरें स्वीकार नहीं होने पर अमानत राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

18. आपूर्ति आदेश के तहत प्राप्त सामान सही एवं निविदा मापदण्डों के अनुसार होने पर फर्म को नियमानुसार भुगतान कर दिया जावेगा।

19. आपूर्ति की जा रही सामग्री निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप नहीं होने पर ऐसी सामग्री को आपूर्तिकर्ता की जोखिम पर रदद कर दिया जायेगा, जिसे आपूर्तिकर्ता अपने खर्चे पर बदल कर आपूर्ति करेगा एवं रदद की गई सामग्री वापस प्राप्त करेगा।

20. वारण्टी अवधि का स्पष्ट उल्लेख किया जावेगा। आपूर्ति किये गये सामान में वारण्टी अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का डिफेक्ट पाये जाने पर फर्म का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

21. निविदा प्रपत्र मे दी गई सामग्री की मात्रा के स्थान पर वास्तविक आपूर्ति हेतु आदेश नियमानुसार सीमा तक कम या अधिक हो सकता है।

22. उक्त शर्तो के अतिरिक्त अन्य सभी शर्ते राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 एवं अधिनियम 2012 तथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशो के अनुसार मान्य होगी।

23. आपूर्तिकर्ता फर्म के सप्लाई किए जा रहे सामान का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

24. कोई भी विवाद होने की स्थिति में जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–I का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

25. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर मय सील करने होंगे।

26. संबंधित फर्मो के सामग्री के नमूनों का क्रय समिति द्वारा निरीक्षण किये जाने के बाद ही दरों का अनुमोदन किया जायेगा।

27. गत दो वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा में भरे जा रहे आईटम्स की लागत से कम से कम दो गुना होना चाहिए।

28. राज्य में किसी लोक उपापन में भागीदारी के लिए भारत की सीमाओं से लगे हुए देशों से संबंधित या हिताधिकारी स्वामित्व वाले बोलीदाता, राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग में पूर्व रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् ही अनुज्ञात किये जायेंगे।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

परिशिष्ठ–द

50/–रू0 का नॉन ज्यूडिशियल स्टांप

घोषणा पत्र

कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम के लिये दर संविदा निविदा आमंत्रित सूचना की समस्त जानकारी/शर्तो का मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि **जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम** का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य/आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित सामग्री उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट, डिफाल्टर या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। दी गई दरें क्रेता अधिकारी के कार्यालय तक पहुँचाने की है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बिड को रद्द किया जा सकेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैंने/हमने जिन वस्तुएँ/स्टोर्स/उपकरणों के लिये निविदा की है, उनका/उनके में/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/होल वितरक/प्राधिकृत डीलर/होल सेलर/विपणन एजेन्ट हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो कि मुझ/हम पर की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपृहत कर लिया जायेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है रद्द कर दिया जायेगा।

दिनांक :–

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबर सील

निविदादाता का नाम :–.....

पूर्ण पता :– .....

.....

मो0 नं0 .....

परिशिष्ठ–य

DISTRICT & SESSION COURT, JAIPUR METRO- I

Tender for Rate Conteract for the Supply of Office Stationary Items

NIT No. ---------- ---/-- ----/2025-26/ **Dated:**

आपूर्ति / कार्यानुभव का विवरण

क. सं.	विभाग / संस्थान का नाम	राजकीय / अर्द्धराजकीय / प्राइवेट	कार्यादेश क्रमांक व दिनांक	कार्यादेश की राशि

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील